ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 30-12-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-12-30 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-12-31	2023-01-01	2023-01-02	2023-01-03	2023-01-04
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	14.0	13.0	12.0	13.0	13.0
न्यूनतम तापमान(से.)	2.0	2.0	3.0	3.0	3.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	80	75	75	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	40	40	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	320	320	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	1	2	0	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, वर्षा की सम्भावना नहीं है। आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 12.0-14.0 व 2.0-3.0 से डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155 इसरो-आईएम डी की वनस्पति सूचना प्रणाली द्वारा प्राप्त एनडीवीआई जो कि 0.2 से 0.4 के बीच है, जिले में वनस्पति/कृषि की प्रारम्भिक अवस्था को दर्शाता है। सिंचित घाटी क्षेत्रों में टमाटर, शिमला मिर्च एवं बैगन की खे्ती के लिए पॉलीहाउस या पॉलीटनल में सब्जी पौध तैयार करने के लिए स्थान का चुनाव कर मिट्टी का उपचार करें साथ ही साथ किसी अच्छे संस्था से जलवायु के अनुरूप प्रजाति का चुनाव कर बीज क्रय करें। किसान भाई फसलों में आवश्यकतानुसार निराई गुड़ाई, सिंचाई एवं पोषक तत्वों का प्रबन्धन करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, वर्षा की सम्भावना नहीं है। आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। पाला/कोहरा पड़ने की स्थिति में समय-समय पर सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	असिंचित दशा में बोयी गयी फसल में आवश्यकतानुसार निराई कर खरपतवार निकाल लें तथा सिंचित फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु संस्तुत खरपतवारनाशी रसायन का प्रयोग करें। चैड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर 2,4 डी को 500 ग्राम/है या मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल की 4.0 ग्राम/ है0 को नवम्बर माह में बुवाई करने पर 30-35 दिन में तथा सकरी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर आइसोप्रोट्यूरॉन 1 किग्रा/है0 की दर से बुवाई के 30-35 दिन में प्रयोग करें।
सरसों	घाटियों एवं निचले पर्वतीय क्षेत्रों में समय पर बोयी गई फसल में दाना भरते समय हल्की सिंचाई करें। सरसों में पत्ती धब्बा रोग के नियत्रंण हेतु मैन्कोजेब का 2.5 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे।
जौ	विलम्भ से बोई गई फसल में बुवाई के 25-30 दिन बाद निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें तथा आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च की उन्नत किस्म का बीज क्रय कर नर्सरी में बुवाई करें। पाले से बचाव हेतु पौधशाला को सफेद प्लास्टिक से इस तरह ढके कि सूर्य की रोशनी के साथ-साथ हवा का संचार भी हो सके (जमीन से 1 मीटर उपर)।
गोभी	फूलगोभी व बंदगोभी जैसी बीजू फसलों में निराई-गुड़ाई कर पलवार प्रयोग करें।
आलू	आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं के बैठने का स्थान समतल होता चाहिए जिससे उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो तथा इस समय नवजात पशुओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें। ठंड में पशुओं के आहार में तेल और गुड़ की मात्रा बढ़ा दें। अधिक ठंड की स्थिति में पशुओं को अजवाइन और गुड़ दें। पहाड़ी क्षेत्रों में पशुशाला में गर्मी हेतु हीटर का उपयोग करें। तथा अंगेठी का उपयोग धुंआँ निकलने के बाद कर सकते हैं।
गाय	सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। ठंड में पशुओं के आहार में तेल और गुड़ की मात्रा बढ़ा दें। अधिक ठंड की स्थिति में पशुओं को अजवाइन और गुड़ दें। पहाड़ी क्षेत्रों में पशुशाला में गर्मी हेतु हीटर का उपयोग करें। तथा अंगेठी का उपयोग धुंआँ निकलने के बाद कर सकते हैं।